पत्रांक-भवन/बजट-68-योजना (कला, संस्कृति एवं युवा विभाग)-07/2015-16.......4110 (अ)

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग।

सेवा में,

महालेखाकार (ले एवं हक), बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक:- 7/5/26

विषय- **बक्सर जिला मुख्यालय में मॉडल नक्शा पर आधारित 620 क्षमता का अटल कला भवन निर्माण कार्य** के क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में कुल राशि ₹ 2,70,16,365/- (दो करोड़ सत्तर लाख सोलह हजार तीन सौ पैसठ रूपये) मात्र के व्यय की स्वीकृति।

आदेश:- स्वीकृत।

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-797 दिनांक-25.02.2025 द्वारा विषयांकित कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बक्सर के द्वारा PMIS के माध्यम से समर्पित ऑनलाईन अधियाचना (अधियाचना आई०डी०-30958) पर संबंधित अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता द्वारा की गयी अनुशंसा के आलोक में **बक्सर जिला मुख्यालय में मॉडल नक्शा पर आधारित 620 क्षमता का अटल कला भवन निर्माण** कार्य के क्रियान्वयन हेतु कुल राशि ₹ 2,70,16,365/- (दो करोड़ सत्तर लाख सोलह हजार तीन सौ पैसठ रूपये) मात्र का व्यय की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रदान की जाती है ।

2. उक्त कार्य पर राशि का व्यय मांग संख्या-03 के अन्तर्गत मुख्यशीर्ष-4059-लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय-उपमुख्य शीर्ष-60-अन्य भवन-लघुशीर्ष-051-निर्माण उपशीर्ष-0107-सांस्कृतिक संरचना **विपत्र कोड-03-4059600510107** के विषय शीर्ष-53-मुख्य निर्माण कार्य-0107.53.01-मुख्य निर्माण कार्य में उपबंधित राशि से **वित्तीय वर्ष 2026-27** में किया जायेगा।
3. इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बक्सर, भवन निर्माण विभाग होंगे।
4. इस राशि की निकासी जिला कोषागार, बक्सर से की जायेगी।
5. प्रस्ताव में आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति एवं सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।
6. स्वीकृत राशि के विरूद्ध आवंटन की कार्रवाई सी.एफ.एम.एस. के माध्यम से की जायेगी।

(राजेश कुमार सिंह) 7/5/26
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक:- 4110 (अ) पटना, दिनांक:- 7/5/26

प्रतिलिपि:-सचिव (व्यय), वित्त विभाग, बिहार, पटना/ जिला पदाधिकारी, बक्सर/ कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव। 7/5/26

ज्ञापांक:- 4110 (अ) पटना, दिनांक:- 7/5/26

प्रतिलिपि:-सचिव, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना/ माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव/ आन्तरिक वित्तीय सलाहकार/ सी.एफ.एम.एस. एप्रूवर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ अभियंता प्रमुख/ मुख्य अभियंता (दक्षिण)/ निदेशक अनुश्रवण/ संबंधित अधीक्षण अभियंता/ कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बक्सर, भवन निर्माण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु तथा आई.टी.मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड एवं सभी संबंधित को ई-मेल करने हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव। 7/5/26